भारतीय मानक ब्यूरो
(उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार)
BUREAU OF INDIAN STANDARDS
(Ministry of Consumer Affairs, Food & Public Distribution, Govt. of India)
राजकोट शाखा कार्यालय/Rajkot Branch Office

मानक: पथप्रदर्शक:

सत्यमेव जयते

: आरजेबीओ-I/ईएनएफ/2024 दिनांक: 27.07.2024

प्रेस नोट

भारतीय मानक ब्यूरो राजकोट शाखा कार्यालय के अधिकारियों की टीम ने दिनांक 26.07.2024 को मेसर्स **मेसर्स आर.आर. स्टील एंड मेटल्स क्रमांक 276/2 और 277, कार्देज, नवागाम, भावनगर राजकोट रोड, भावनगर, गुजरात- 364060।** में तलाशी और जब्ती की, इस कंपनी को माइल्ड स्टील इंगोट का उत्पादन करते हुए पाया गया, जो अनिवार्य प्रमाणन के अंतर्गत आता है। 26 जुलाई, 2024 को की गई छापेमारी के दौरान, लगभग 592 माइल्ड स्टील इंगोट जब्त किए गए, जिनमें से प्रत्येक का वजन लगभग 120 किलोग्राम है। ये इंगोट कंपनी के परिसर में ही छोड़ दिए गए। फर्म को बीआईएस अधिनियम 2016 की धारा 17 का उल्लंघन करते हुए पाया गया है जो की बीआईएस अधिनियम 2016 की धारा 29 के तहत दंडनीय है।

नकली निर्माता अक्सर उपभोक्ताओं को धोखा देने के लिए वैध बीआईएस लाइसेंस के बिना या किसी और लाईसेंसी के लाइसेंस नंबर को उपयोग करते हुए उत्पाद तैयार करते हैं। उपभोक्ता सुरक्षा से संबंधित ऐसे घटिया उत्पादों से उपभोक्ता को बचाने के लिए बीआईएस समय-समय पर ऐसे छापे मारता है। खुदरा विक्रेताओं और डीलरों को उचित निर्माता को पता लगाने के लिए बिल के साथ उत्पाद खरीदने की सलाह दी जाती है। भारत सरकार समय-समय पर सार्वजनिक सुरक्षा और स्वास्थ्य के आधार पर विभिन्न उत्पादों के लिए अनिवार्य प्रमाणीकरण के लिए गुणवत्ता नियंत्रण आदेश जारी करती है। उपभोक्ताओं और डीलरों से अनुरोध है कि वे ऐसे उत्पाद खरीदते समय जागरूक रहें। बीआईएस उपभोक्ताओं को सलाह देता है कि वे आईएसआई चिन्हित वस्तुओं के लाइसेंस नंबर को सत्यापित करने और उत्पाद की वास्तविकता की जांच करने के लिए बीआईएस केयर ऐप का उपयोग करें। उपभोक्ताओं को यह भी सलाह दी जाती है कि वे उद्योगों द्वारा इस तरह के दुरुपयोगों से अवगत रहें और यदि ऐसा कोई दुरुपयोग पाया जाता है, तो नीचे दिए गए पते पर बीआईएस को सूचित करें:

वैज्ञानिक ई एवं प्रमुख
भारतीय मानक ब्यूरो, राजकोट
एफपी नंबर 364/पी, वार्ड नंबर 13
कालावाड़ रोड, राजकोट- 360005
ईमेल- rjbo@bis.gov.in, hrjbo@bis.gov.in

इस तरह के दुरुपयोग की किसी भी जानकारी को गोपनीय रखा जाएगा।

शुभम 27/07/24

Shubham
Sc-B

(पारिजात शुक्ला)
वैज्ञानिक ई एवं प्रमुख

एफ. पी. नंबर 364/P, वोर्ड नं. 13, क्रिस्टल मोल के सामने, भारत पेट्रोल पंप के बगल में, कालावड रोड, राजकोट–360005. गुजरात.
F.P. No. 364/P, Ward No. 13, Opp. Crystal Mall, Near Bharat Petrol Pump, Kalawad Road, RAJKOT-360005. Gujarat.
Phone : 0281-2563980, 2563981, 2563982, 2563983 E-mail : rjbo@bis.gov.in / rjbo-2@bis.gov.in Web : www.bis.gov.in
मुख्यालय/Headquarter : मानक भवन, 9 बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002. Manak Bhavan, 9, Bahadur Shah Zafar Marg, New Delhi-110002.